卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 256 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦27 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## संविधान पर सीधा हमला था आपातकाल : राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा चुनाव के बाद संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने सबसे पहले आम चुनाव के सफल आयोजन के लिए चुनाव आयोग को बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का यह तीसरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन के बाद उनका पहला राष्ट्रपति अभिभाषण है। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मैं 18वीं लोकसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देती हूं। आप सभी देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर यहां



आए हैं। देश और जनता की सेवा करने का अवसर बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मेरी सरकार ने सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। इससे बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना तय हुआ है, जिन परिवारों को सीएए के तहत नागरिकता मिली है मैं उनके बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। साल 2021 से लेकर साल 2024 तक भारत ने औसतन आठ प्रतिशत की रफ्तार के हिसाब से विकास किया है। यह ग्रोथ सामान्य स्थितियों में नहीं हुई है। इस दौरान दुनिया ने बड़ी आपदा देखी है। भारत दुनिया के ग्रोथ में अकेले 15 **( शेष पेज सात पर )**

## दुखद: दादी के सामने पोते का उठा कर ले गया तेंदुआ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बीती रात तेंदुए ने एक मासूम को अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। हल्द्वानी में बीती देर रात वन प्रभाग में तेंदुए ने निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के पास रेलवे पटरी की तरफ रहने वाले एक सात साल के बच्चे शिवा को उठा कर ले गया। शिवा अपनी दादी के साथ घर से बाहर निकला था, इस दौरान घात लगाकर बैठा तेंदुआ बच्चे को उठाकर ले गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन को घटना की



सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने रात भर अभियान चलाया। आज बृहस्पतिवार सुबह छह बजे जंगल में शिवा का शव मिला है। तेंदुआ शव का धड़ से ऊपर का पूरा हिस्सा खा गया था। सूचना मिलने पर एसडीएम परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने **( शेष पेज सात पर )**

## विरोध के चलते गांधी पार्क की पार्किंग का टेंडर निरस्त

### विधायक शिव ,पूर्व विधायक ठुकराल और व्यापारियों के विरोध के चलते निगम प्रशासन आया बैकफुट पर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों के व्यापक विरोध के चलते गाँधी पार्क की दीवार के साथ नेशनल हाईवे पर पार्किंग के लिये निकाले गये टेण्डर को आज नगर निगम प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। विदित हो कि गत दिवस नगर निगम प्रशासन द्वारा गांधी पार्क की दीवार के साथ एनएच से उजाड़ी गई राम मनोहर लोहिया मार्केट सहित कई स्थानों पर पार्किंग के लिये निविदा निकाली गई थी। इसकी भनक लगते ही व्यापारियों में रोष फैल गया और उन्होंने नगर निगम प्रशासन द्वारा निकाले गये टेण्डर के खिलाफ कल शाम विधायक शिव अरोरा से मुलाकात करते हुये उक्त टेण्डर को निरस्त करवाये जाने की मांग की। विधायक शिव अरोरा ने भी व्यापारियों के गुस्से को जायज मानते हुये उनकी मांग का समर्थन किया और मौके पर हीं टेंडर सम्बंधित विषय पर दूरभाष पर नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत शिप्रा जोशी से वार्ता कर गाँधी पार्क के चारो ओर पार्किंग के टेंडर को निरस्त करने की बात कही। विधायक



शिव अरोरा ने कहा कि यह बिलकुल व्यवहारिक नहीं है कि गांधी पार्क के चारों ओर पार्किंग बनाई जाए। यह व्यापारियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है ओर इससे जाम की स्थिति पैदा होंगी। विधायक अरोरा ने कहा कि जी 20 सम्मेलन के दौरान हटाएंगे गये राममनोहर लोहिया मार्किट, समोसा मार्किट के लगभग 150 व्यापरियो के पुनर्वास हेतु नगर निगम के सामने वैडिग जॉन तैयार किया जा रहा है। उजाड़े गये व्यापारियों को अगले 60 दिन मे वहां पर पुनर्वास करने के लिये नगर आयुक्त को कहा दिया गया है और अगले 10 दिन में आवंटन की प्रकिया प्रारंभ करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है और इसके लिये नगर निगम द्वारा अपनी सहमति भी दे दी है। विधायक ने कहा कि जनहित व जनता की भावनाओं के अनुरूप उनके द्वारा पार्किंग टेंडर निरस्त करवा दिया है। साथी हीं उजाड़े गये व्यापारियों का पुनर्वास जल्द से जल्द हो इसके लिए भी नगर निगम को निर्देशित कर दिया है। विधायक शिव**( शेष पेज सात पर )**

## सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाई जाये पार्किंग : ठुकराल

रुद्रपुर। जिला विकास प्राधिकरण की ओर से गांधी पार्क में प्रस्तावित अंडरग्राउंड पार्किंग का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विरोध किया है। उन्होंने डीडीए उपाध्यक्ष से मिलकर अपना विरोध दर्ज किया और गांधी पार्क के बजाए सिंचाई विभाग की जमीन पर पार्किंग बनाने का सुझाव दिया। साथ ही गांधी पार्क से छेड़छाड़



करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। डीडीए कार्यालय में उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला से ठुकराल ने मुलाकात कर कहा कि गांधी पार्क से स्थानीय लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं। बड़ी संख्या में लोग पार्क में सुबह शाम**( शेष पेज सात पर )**

## पुर्नवास के लिए व्यापारियों ने निगम में काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जी 20 सम्मेलन के दौरान उजाड़े गये राम मनोहर लोहिया मार्केट व समोसा मार्केट के दुकानदारों ने आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में निगम कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा और प्रभारी एमएनए शिप्रा जोशी का घेराव कर उनसे निगम की भूमि पर शीघ्र पुर्नवास करने की मांग की। अध्यक्ष संजय ने कहा कि जी 20 सम्मेलन के दौरान उजाड़े गये राम मनोहर लोहिया मार्केट व समोसा मार्केट के दुकानदारों को यह आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही सबको पुर्नवास कर दिया जायेगा। परंतु सवा साल बीत जाने के बाद भी उजाड़े गये दुकानदारों को पुर्नवास नहीं किया गया। व्यापारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनके साथ निगम कार्यालय पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष



राजकुमार ठुकराल ने कहा कि वह हमेशा नगर के व्यापारियों के साथ खड़े रहे हैं। जब भी उनका उत्पीड़न हुआ सामने आकर इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले करीब सवा साल से गांधी पार्क के चारों ओर से उजाड़े गये व्यापारियों को पुर्नवास नहीं किया जाना शासन प्रशासन की जन विरोधी नीतियों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उजाड़े गये सैकड़ो व्यापारी आज भी शासन प्रशासन से दुकान मिलने की आस लगाये हुए हैं। लेकिन उन्हें अभी तक निराशा ही हाथ लगी है। श्री जुनेजा ने कहा कि निगम प्रशासन अब गांधी पार्क में पार्किंग बनाने जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा यदि निगम इस भूमि का उपयोग ही करना चाहता है तो व्यापारियों को ही सौंप दे। या फिर सिंचाई विभाग की भूमि पर व्यापारियों को पुर्नवास कर दे। निगम को जो निर्णय लेना है जल्दी ले। व्यापारी ज्यादा इंतजार नहीं करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि प्रस्तावित वेंडिंग जोन में व्यापारियों को **( शेष पेज सात पर )**

## उपभोक्ताओं पर 'बिजली गिराने' की तैयारी में 'ऊर्जा निगम'

### ऊर्जा निगम ने तय किया नया लोड फॉरमैट, उत्तराखंड में अब दो किलो वाट लोड तक के कनेक्शन धारी नहीं चला सकेंगे एसी, गीजर ,वाशिंग मशीन और मिक्सर, घर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की संख्यानुसार तय होगा कनेक्शन लोड और विद्युत बिल

-अर्श-

रूद्रपुर। अबकी बार की गर्मियों में उत्तराखंड पैदा हुई बिजली की रिकॉर्ड मांग ने ऊर्जा निगम को सकते में डाल दिया है। बढ़ी मांग के अनुरूप बिजली सप्लाई में पसीना छोड़ चुके ऊर्जा निगम ने जब अचानक बढ़ी बिजली की रिकॉर्ड मांग के पीछे की वजह की पड़ताल की ,तो पाया कि विद्युत उपभोक्ताओं ने घरों में बिजली से चलने वाले उपकरण अधिक लगा रखे थे और विद्युत कनेक्शन कम लोड का था, जिसके चलते राज्य में बिजली की सप्लाई गड़बड़ा गई ।लिहाजा ऊर्जा निगम अब नया कनेक्शन लोड फॉरमैट तय करके सूबे के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं पर एक बार फिर बिजली गिरने की तैयारी में है ।ज्ञात हो कि ऊर्जा निगम द्वारा तय किए गए नए लोड फॉर्मेट के अनुसार अब घर में उपयोग में लिए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की संख्या के आधार पर ही बिजली का बिल बनेगा और विद्युत उपकरणों की संख्या के अनुसार ही कनेक्शन का लोड भी तय होगा ।इसी




क्रम में ऊर्जा निगम ने अब प्रति किलोवाट के लिए उपकरण संख्या तय कर दी है ।ऊर्जा निगम द्वारा प्रति किलो वाट के हिसाब से तय की गई उपकरणों की संख्या के अनुसार एक से दो किलोवाट लोड के कनेक्शन धारी अब केवल लाइट पंखे फ्रिज और टीवी भर चला सकेंगे और अगर उन्हें अन्य विद्युत उपकरणों जैसे मिक्सी ,वाशिंग मशीन ,गीजर आदि का उपयोग करना है तो उन्हें अपने विद्युत कनेक्शन का लोड बढ़वाना होगा ।ऊर्जा निगम के निदेशक ऑपरेशन मदन राम आर्य के अनुसार शीघ्र ही मीटर रीडर घर-घर जाकर लोगों को उनके कनेक्शन और वास्तविक लोड की जानकारी देंगे। आर्य आगे बताया कि विद्युत कनेक्शन का लोड बढ़ाने के लिए उपभोक्ता उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट upcl.org में जाकर लोड बढ़ाने का आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता प्ले स्टोर से यूपीसीएल का कंजूमर सेल्फ सर्विस एप डाउनलोड कर भी आवेदन कर सकते हैं। बताने की जरूरत नहीं कि ऊर्जा निगम की इस तमाम कवायद से विद्युत उपभोक्ताओं की जेब तो कटेगी ही, साथ ही उन्हें विद्युत कनेक्शन का लोड **( शेष पेज सात पर )**

# पैरा-एथलीटों को बढ़ावा देने के लिए व्हील चेयर बास्केटबॉल कोचिंग कैंप कल से : चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बताया कि व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डिसएबल स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में उत्तराखंड के पैरा एथलीट को बढ़ावा देने एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से रुद्रपुर के स्टोन रिज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 28, 29 व 30 जून से तीन दिवसीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उत्तराखंड के पैरा एथलीटो को नीचे बास्केटबॉल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वरुण अहलावत एवं अंतरराष्ट्रीय कोच एवं सचिव लुईस गौरंग द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें उत्तराखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों के 15 पुरुष एवं 15 महिला खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी एवं सोसाइटी के प्रदेश सचिव हरीश चौधरी ने बताया कि एथलीटों की दिव्यांगता के आधार पर टीम का चयन किया जाता है। उनमें से प्रत्येक



खिलाड़ी को 1 से 4.5 का अंक दिए जाते है। बास्केटबॉल कोर्ट पर पूरी टीम का स्कोर 14 अंक से अधिक नहीं होना होता है। इस प्रणाली का उद्देश्य यह है कि कोई भी टीम ऐसी न हो जो अधिक या कम गतिशीलता वाले खिलाड़ियों के कारण दूसरी टीम की तुलना में अधिक असंतुलित हो आपस में खेल रही दोनों टीम संतुलित रहे। विशेष कोचिंग कैंप में पैरा एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अक्टूबर माह में ग्वालियर में होने वाली राष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड टीम को तैयार किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेष कोच का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा जो समय-समय पर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों में होने वाले सुधार की जानकारी एकत्र कर आगे की तैयारी करवाएंगे। नोएडा के समाजसेवी कविश अग्रवाल द्वारा खिलाडियों के प्रशिक्षण के लिए स्पेशल व्हीलचेयर उपलब्ध कराएं गए। इस अवसर पर स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राजेश सलूजा,प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन उपस्थित रहे।

# नाला खुलवाने के लिये सौंपा ज्ञापन

किच्छा। वार्ड नंबर 20 सिरौली के दर्जन ऑन निवासियों ने उप जिलाधिकारी से सुरेंद्र पेट्रोल पंप के पास न 74 के बंद पड़े नाले को खोलकर सिरौली में पूरी जल भराव से निजात दिलाने की मांग की है। आज अपराह्न सिरौली वार्ड





नंबर 20 के दर्जनों लोग यूथ मोर्चा के प्रदेश सचिव तस्लीम राजा एवं नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अन्य खान के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा सिरौली में हो रहे जल भराव से निजात दिलाने की मांग का एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में पेशकार को दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नं0 20 व एनएच 74 सुरेंद्रा पेट्रोल पम्प के सामने जावेद डेन्टर की दुकान के पास नाला अतिक्रमण के चलते बंद पड़ा है। जिस कारण वार्ड न. 20 के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है तथा एन एच 74 नेशनल हाईवे का नाला भी सिरौली चौराहे से खालसा ढाबे तक बंद पड़ा है। जिस कारण हाइवे का पानी बरसात में आबादी में प्रवेश करने लगता है। जिससे क्षेत्र बांसियों को भारी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन बंद नाले को आतिशीघ्र खुलवाया जाना आवश्यक हो गया है,नहीं तो वर्षा काल में वार्ड नंबर 20 सहित सिरौली का अधिकांश हिस्सा जलमन हो जाएगा तथा गर्मी के चलते महामारियां फैलने का अंदेशा बढ़ जाएगा। कांग्रेस यूथ मोर्चा के प्रदेश महासचिव ने आगे कहा कि आज उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण ज्ञापन उनके प्रतिनिधि को सोपा गया है। यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नही हुआ तो उपजिलाधिकारी के आने पर उनसे वार्ता कर एनएच के 74 के बंद पड़े नाले को खुलवाने की पहल की जाएगी ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके इस अवसर पर मुख्य रूप से शाहिद ,अनस , मुन्ना, वाहिद, फईम आदि लोग उपस्थित थे।

# समाजवादी लोकमंच ने किया प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)। गुरुवार को रामनगर में लखनपुर चुंगी पर समाजवादी लोकमंच से जुड़े कई लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर धरना दिया तो वहीं प्रदर्शन कार्यो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल के खिलाफ भी नाराजगी व्यक्त की । प्रदर्शनकारी मनीष कुमार अग्रवाल ने बताया कि आज उत्तराखंड का 1700 हेक्टेयर जंगल पूरी तरह आज की भेंट चढ़ गया है लेकिन सरकार जंगलों को बचाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जंगलों में आग बुझाने को लेकर तैनात किए गए कई वाचरो की मौत होने के साथ ही कई घायल हो चुके हैं उन्होंने कहा कि सरकार मृतको के परिजनों को 50 लख रुपए एवं परिवार के एक सदस्य को



सरकारी नौकरी एवं घायलों को 25 लाख रुपए का मुआवजा दे इसके साथ ही इस कार्य में जुटे कर्मचारियों को शीघ्र वेतन देने के साथ ही उनके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें और उन्हें अग्नि समन यंत्र उपलब्ध कराते उन्हें नौकरी पर पक्का किया जाए उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो इसके खिलाफ एक उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# राहुल के नेता प्रतिपक्ष बनने पर बांटी मिठाई

सितारगंज(उद संवाददाता)। राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर नगर के कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया। क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को नगर के मुख्य चौक पर एकत्र हुए वहां पर उन्होंने राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनने की खुशी में मिष्ठान वितरण करते हुए खुशी का इजहार किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राहुल गाँधी को विपक्ष का



नेता बनने से सभी कांग्रेसजनों व लोगों ने आशा व्यक्त की है कि राहुल गांधी जी द्वारा जनहित की आवाज को जोर शोर से सदन में पहुंचाने में मजबूत विपक्ष के नेता होगें। इस मौके पर मिष्ठान वितरण करने वालो में नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी रामनगीना प्रसाद, ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, अख्तयार अहमद पटौदी, जिलानी अंसारी, विपिन खोलिया, हरप्रीत सिंह हैप्पी, राजेश कुमार जायसवाल, अखिलेश सिंह, मुख्तयार अहमद, आजम मलिक, गंगा सिंह, जमील अल्वी आदि मौजूद रहे।

# मार्ग चौड़ीकरण में न काटे जायें पेड़: दीपक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता दीपक बलूटिया ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर उनसे सड़क चौड़ीकरण के कार्य में पेड़ ना



काटे जाने और दूसरा विकल्प देखने का आग्रह किया है। काठगोदाम नरीमन चौराहे से लेकर काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण करने में कई बड़े पेड़ों को काटने की सूचना पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक ब्ल्यूटिया और कांग्रेस नेता ललित जोशी कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई को इस संबंध में ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग रखी है कि पेड़ों को ना काटा जाए। प्रशासन सड़क चौड़ीकरण को लेकर दूसरा विकल्प भी देखें। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में जो भी पेड़ आ रहे हैं, उनको लेकर जिला प्रशासन बेहद संवेदनशील है। सड़क चौड़ीकरण के आसपास जितने भी पेड़ आ रहे हैं, उनको काटा नहीं जाएगा। उनको दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर काम किया जा रहा है। जिसके संबंध में विशेषज्ञ द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण और जांच भी की गई है ताकि पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा सके। इस दौरान विनोद, महेशानंद, सैयद रेहान मियां, मनोज बलयूटिया, मोहन सनवाल, वीरेंद्र जग्गी, पियूष बलयूटिया, महेंद्र सिंह, सौरभ भट्ट, मधुकर बनोला, योगेश महतोलिया, नीहित नेगी आदि मौजूद थे।

# युवकों को शराब पीने से मना करने पर पुलिसकर्मी का पकड़ लिया गिरेबान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रोडवेज के सामने गांधी पार्क की दीवार के पास शराब पी रहे तीन युवको को गश्त करती पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से मना किया तो तीनों युवक रौब दिखाते हुए पुलिसकर्मियों से उलझ गये। एक युवक ने पुलिसकर्मी का गिरेबान पकड़ते हुए उसे धमकी भी दे डाली। जिसके बाद सूचना देने पर कोतवाली से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने तीनों युवको को अपने काबू में कर लिया और उन्हें कोतवाली ले गई। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक पुकज सिंह महर को सूचना प्राप्त हुई कि रोडवेज बस अडडे के पास गांधी पार्क की दीवार पर दो-तीन लोग शराब पी रहे है तथा आने जाने वाले लोगों को गाली गलौच कर हुड़दंग काट रहे है। जिस पर चौकी प्रभारी पुलिस कर्मियों हेका. दीप चन्द्र, का. प्रवीन रावत व हरीश रावत के साथ मौके के लिये रवाना हुए। टीम ने उक्त तीनों युवकों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के लिये टोकते हुये वहां से हटने के लिये कहा तो उनमें से एक युवक उनि पंकज महर पर रौब गांठने लगा कहने लगा उसकी नेताओं में अच्छी जान पहचान है तुम लोग कुछ नहीं बिगाड़ सकते हम अगर चाहें तो एक मिनट में तुम्हारी वर्दी उतरवा सकते हैं। तुम्हारी हमारे सामने कोई औकात नहीं है यह कहते हुये तीनों व्यक्ति पुलिसजनों से उलझने लगे। इसी बीचे एक व्यक्ति ने कांस्टेबल हरीश रावत का गिरेबान पकड़ लिया तथा गालियां देने लगा। जिससे उसकी वर्दी फट गई। जिस पर मामले से कोतवाली पुलिस का अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही उनि नवीन बुधानी व उनि दीपक कौशिक मौके पर पहुंचे और तीनों युवकों को पकड़ लिया । पूछताछ करने पर तीनों ने अपना नाम दीपक राणा पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी प्रीत विहार रुद्रपुर, बृजेश पंत पुत्र नवीन चन्द्र पंत निवासी झां कालोनी पंतनगर तथा कंचन पाठक पुत्र भास्कर पाठक निवासी झां कालोनी पंतनगर बताया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पुलिस के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है।

# 'बहन बेटियों' की सुरक्षा के लिए गले में पहनी 'जूतों की माला'

## कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा ने राज्य सरकार से महिला अपराधों पर पूर्णतय: रोक लगाने के लिए की अपील की

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गले में जूतों की माला पहन कर कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा ने सरकार से महिला अपराधों पर पूर्णतय: रोक लगाने के लिए की अपील की। कलेक्ट्रेट आकर वर्मा ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री राखी तथा अपनी संस्था की पत्रिका प्रेषित कर दावा किया कि सरकार हमारी बात सुनें तो सभी अपराध मात्र 15 दिनों में ही 99 प्रतिशत तक कम करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में न गरीबों की बहन बेटियाँ सुरक्षित न देश के नागरिक सुरक्षित हैं।गरीब कमजोर वर्ग के लिए जन कल्याणवादी राजनीतिक व्यवस्था आज तक विकसित नहीं होने दी जा रही है। देश में अन्याय ,अत्याचार , चोरी डकैती हत्या पुलिस थानों से लेकर न्यायपालिका तक में भ्रष्टाचार, कम्पनियों द्वारा देश की लगभग आधी आबादी की सुनियोजित लूट, सरकारी बैंकों की दलालों तथा राजनेताओं की मिलीभगत द्वारा सुव्यवस्थित लूट, आतंक वाद, नक्सलवाद, जातिवाद सम्प्रदायवाद व राजनीति से प्रेरित व पोषित दंगे, जघन्य अपराधिक घटनाएं, गरीबों , मजदूरों का शोषण, मानव तावादी पवित्र लोकतंत्र में संगठित लूटतंत्र व जंगल राज की तरह फल- फूल रहा है। आज के डिजिटल टेक्नॉलॉजी के युग में संविधान और लोकतांत्रिक निष्पक्ष व्यवस्था में ही यह ताकत है सरकारें अपने राष्ट्रवाद व



मानवतावाद से प्रेरित होकर अपने कर्तव्यों के प्रति जाग जाएं, तो हम सब मिलकर हत्याएं सहित आतंकवाद , नक्सलवाद और भ्रष्टाचार मात्र 15 दिनों में ही 99 प्रतिशत तक रोक सकते हैं। प्रधानमंत्री का मिशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आज भी सफल नहीं हो पा रहा है। सभी मिलकर मिशन को सफल बनायें। यह हम सब भारत वासियों के लिए बहुत दुःखद व शर्मिंदगी की बात है। उन्होंने कहा देश का दुर्भाग्य है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार अपने देश में प्रत्येक दिन 80 मासूम बहन बेटिओं महिलाओं के साथ ब्लात्कार हो रहा है और एक – दो की तो ब्लात्कार के बाद निर्मम हत्या भी कर दी जा रही है। यह अपने देश में भ्रष्टाचार तथा पक्षपात के कारण संभव हो रहा है। श्री वर्मा ने कहा अपराधों से आहत होकर बाबा जय गुरुदेव की प्रेरणा से मासूम बहन बेटियों की सुरक्षा का सौगंध लेकर यह माला अपनी पूजनीय माता जी के हांथों से इसलिए पहनी है , कि जब तक देश की बहन बेटियों और जनता की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चत नहीं करवा लेता,तबतक अपराध पीड़ितों की सेवा भाव में उनकी जूते चप्पलों को अपने गले का हार बना कर जनता की सेवा के प्रति अपनी आत्मा को जगाता रहूंगा। यदि सफलता नहीं मिली तो जीवन की अंतिम यात्रा में भी फूलों की हार के बजाय जूतों चप्पलों की हार में ही इस दुनिया से जाना पसंद करूंगा।

# हिडन फॉल में डूबने से युवक की मौत, शव बरामद

## रूद्रपुर से दोस्तों के साथ घूमने आया था मोहित, पुलिस जांच में जुटी

नैनीताल। ज्योलीकोट क्षेत्र में स्थित ढकियाताल (हिडन फॉल) में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक बीते दिवस दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। सभी दोस्त तो घर पहुंच गए लेकिन उक्त युवक अपने घर नहीं पहुंचा जिस पर परिजनों से उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के अनुसार हिडन फॉल में डूबकर युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के साथियों से पूछताछ और मामले में अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के स्पष्ट कारणों की जानकारी मिल पाएगी। जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया पर वीडियो देख रुद्रपुर के पांच युवक मंगलवार को नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग स्थित ज्योलीकोट पेट्रोल पंप के पास के ढकियाताल गधेरे (हिडन फॉल) पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी की और इसके बाद देर शाम लौट गए लेकिन मोहित आर्य (25) अपने घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि मोहित दोस्तों के साथ ज्योलीकोट घूमने गया था। बुधवार सुबह तक जब मोहित का कहीं पता नहीं चला तो उसके भाई प्रतीक ने ज्योलीकोट चौकी पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने युवक के साथ घूमने आए अन्य चार युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे लोग मंगलवार को घूमने हिडन फॉल ढकियाताल आए थे जहां से मोहित पानी में लापता हो गया था। वे काफी डर गए थे इसलिए किसी को बिना बताए अपने-अपने घर चले गए। युवकों की जानकारी पर पुलिस और एसडीआरफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च



अभियान चलाया। काफी देर तक तलाशने के बाद मोहित का शव फॉल से बरामद हो गया। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजनों की ओर से फिलहाल पुलिस को तहरीर नहीं सौंपी गई है लेकिन पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। पिकनिक मनाने के लिए युवकों का हिडन फॉल आना और एक दोस्त के लापता होने के बाद चार युवकों के चुपचाप अपने घर चले जाने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। आखिर क्या वजह रही कि मोहित के दोस्तों ने उसके लापता होने की सूचना न तो उसके परिजनों को दी और न ही स्थानीय पुलिस को ही सूचित किया। संयोग से परिजनों के ज्योलीकोट पहुंचने और गुमशुदगी दर्ज करने के बाद हिडन फॉल से मोहित का शव बरामद हो गया अन्यथा न जाने कब तक मोहित लापता ही रहता। वहीं सवाल यह भी है कि शव तो फॉल से बरामद हो गया मोहित के जूते भी मिल गए लेकिन उसके कपड़े और मोबाइल कहां हैं। पुलिस की जांच और मोहित के दोस्तों से पूछताछ के बाद ही पूरे प्रकरण का खुलासा हो सकेगा। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में मोहित के साथियों का कहना है कि नहाने के दौरान वह अचानक डूब गया था और वे लोग घटना से काफी डर गए थे इसलिए चुपचाप अपने-अपने घर चले गए थे। परिजनों ने बताया कि तीन बेटों में मोहित सबसे बड़ा था। सोमवार को ही उसका बीए का परीक्षाफल आया था जिसमें वह उत्तीर्ण हुआ था। इस वर्ष वह छात्रसंघ चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रहा था लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बताया जा रहा है कि हिडन फॉल में बढ़ रही भीड़ से यहां लोगों का उमड़ना जारी है। यहां शराब पीने के बाद लोग गांव क्षेत्र में भी पहुंचकर लोगों को परेशान करते हैं। ग्रामीणों के टोकने पर वे ग्रामीणों से भी अभद्रता करते हैं जिसकी कई बार शिकायत पुलिस चौकी और वन विभाग में भी की जा चुकी है। पुलिस की ओर से हुड़दंग मचाने वाले कई लोगों पर कार्रवाई भी की जा चुकी है लेकिन इसके बाद भी लोग यहां आना नहीं छोड़ रहे।






## प्रदेश में बढ़ रहे महिला हिंसा के आकड़े

हल्द्वानी। महिला अपराधों पर लगाम लगाना पुलिस के लिए चुनौतीभरा साबित हो रहा है। लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों के मामले पुलिस अधिकारियों की चिंता बढ़ा रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि पिछले पांच महीने के महिला अपराध के आंकड़े कह रहे हैं। कुमाऊं मंडल में महिला अपराध के मामले में ऊधमसिंह नगर जिला पहले और नैनीताल जिला दूसरे नंबर पर है। पूरे कुमाऊं में एक जनवरी से 31 मई तक महिला अपराध के 660 मुकदमे दर्ज हुए हैं। दुष्कर्म, हत्या, व्यपहरण, शीलभंग (जबरन शारीरिक संबंध बनाना), दहेज प्रताड़ना, यौन अपराध और मुस्लिम महिला विवाह अधिकार अधिनियम के तहत होने वाले सर्वाधिक 374 मामले एक जनवरी 2024 से 31 मई 2024 के बीच ऊधमसिंह नगर पुलिस ने दर्ज किए। वहीं दूसरे नंबर पर 149 अपराधों के साथ नैनीताल जिले का नाम है। मंडलीय पुलिस कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक साइबर यौन अपराध और मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत नैनीताल में एक और ऊधमसिंह नगर में चार मामले पांच महीने में दर्ज हुए हैं। ऊधमसिंह नगर जिले में महिला हत्या, दहेज हत्या के पांच और नैनीताल में एक मुकदमा दर्ज हुआ है। चिंता की बात है कि अब पर्वतीय क्षेत्रों में भी महिला अपराध बढ़ रहा है। बीते पांच महीनों में अल्मोड़ा पुलिस ने 32 और बागेश्वर पुलिस ने 14 मामले दर्ज किए हैं। पिथौरागढ़ में 51 और चंपावत में 40 मामले सामने आ चुके हैं।







# जाली मैरिज सर्टिफिकेट से युवक को ब्लैकमेल कर रही युवती

काशीपुर(उद संवाददाता)। जाली मैरिज सर्टिफिकेट के सहारे एक और युवक को ब्लैकमेल करने का हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल में जुटी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम लालपुर थाना कुंडा निवासी सचिन कुमार पुत्र महावीर सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 2 फतेहउल्लागंज थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में उसकी सगी बुआ राजकली पत्नी बालमुकुंद का घर है जहां उसका आना जाना है। यहीं बुआ के घर के पास प्रिंसी पुत्री राजेंद्र नामक युवती रहती है। बुआ के घर आते जाते दोनों में दोस्ती हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ समय बाद युवती उसके ऊपर शादी का दबाव बनाने लगी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले छः माह के करीब से युवती ने ब्लैकमेल कर उससे काफी रुपए ले लिए। बीते 6 अप्रैल को शिकायतकर्ता के पास कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी का फोन आया। दूसरी ओर से फोनकर्ता ने बताया कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है तुमको फौरन ठाकुर द्वारा आना होगा। शिकायतकर्ता 8 अप्रैल यानी 2 दिन बाद जैसे ही ठाकुरद्वारा तहसील पहुंचा वहां पहले से मौजूद प्रिंसी उसकी बहन दीपमाला प्रिंसी के पिता राजेंद्र प्रिंसी का भाई अजय जो गैंगस्टर एक्ट में विचाराधीन है तथा उसका एक अन्य भाई अक्षय के अलावा महिला अधिवक्ता शशि बाला पत्नी परमजीत निवासी वार्ड नंबर एक ठाकुरद्वारा, प्रिंसी का फुफेरा भाई अनिल कुमार जो भोजपुर ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात है। इसके अलावा ग्राम रूपपुर थाना ठाकुरद्वारा निवासी अमित पुत्र भजन सिंह, प्रिंसी के चाचा मुकेश चाची किरन आदि पहले से मौजूद थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि महिला अधिवक्ता के साथ हमसाज होकर उपरोक्त सभी लोगों ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे जाली मैरिज सर्टिफिकेट तैयार कर लिया और बिन ब्याही प्रिंसी दबाव बनाकर कथित तौर पर अपने ससुराल लालपुर आ गई। यहां प्रिंसी ने शिकायतकर्ता से जबरदस्ती संबंध बनाने का भी प्रयास किया। 19 अप्रैल को अपराह्न लगभग 2:00 बजे प्रिंसी ने बेहद नाटकीय अंदाज में अपना हाथ जलाया और मोहल्ले वालों को इकट्ठा कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रिंसी के हरकतों की जानकारी जब शिकायतकर्ता के पिता ने उसके पिता राजेंद्र को फोन पर दी तो इसी दिन शाम को प्रिंसी के पिता राजेंद्र पुत्री को घर वापस ले गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि मैरिज सर्टिफिकेट पूरी तरह जाली है उसने कभी प्रिंसी से शादी ही नहीं की। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि यदि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो जाए तो सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### मिस्त्री को बना दिया पंडित

शातिर दिमाग लोगों ने शादी के झूठे जाल में सचिन को फसाने के लिए उसके चाचा को मोहरा बना लिया। ग्राम लालपुर थाना कुंडा निवासी सचिन का चाचा सुरेंद्र सिंह पुत्र बाबूराम जो मोटरसाइकिल मैकेनिक है उसकी फोटो सादे कागज पर चिपकाकर दस्तावेजों में उसे पंडित बता दिया गया। हालांकि मोटरसाइकिल मिस्त्री सुरेंद्र को जब इस बात का पता चला तो उसने पुलिस को तहरीर देकर सच्चाई से अवगत कराया। पुलिस को दी तहरीर में सुरेंद्र ने स्पष्ट बताया कि वह पूरी तरह अनपढ़ है। हस्ताक्षर करने के अलावा उसे लिखना पढ़ना नहीं आता। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में सुरेंद्र ने इस बात की तस्दीक किया कि उपरोक्त सभी आरोपियों ने पूरे प्रकरण में उसे गुमराह किया है।




# आकाशीय बिजली से बचने के लिए सावधानी बरतें लोग : डीएम

## दामिनी मोबाइल एप डाउनलोड कर सतर्क रहने की अपील

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि मौसम विज्ञान केन्द्र देहरादून से जारी मौसम पूर्वानुमान के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के अधिकांश हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने की सम्भावना व्यक्त की गई है। गत दिनों में जनपद में 03 व्यक्तियों की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गयी है अतः ऐसी घटनाओं से आम जनमानस के बचाव हेतु जन-जागरूकता प्रसारित करना प्राथमिक आवश्यकता है। उक्त के दृष्टिगत भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा विकसित दामिनी मोबाइल एप तथा सी-डेक द्वारा विकसित सचेत मोबाइल ऐप जो मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने हेतु चेतावनिया प्रसारित करते हैं का उपयोग लोगों के द्वारा किया जाना चाहिए ताकि वह अपनी जीवन रक्षा के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा भी कर सकें। उन्होंने कहा कि चेतावनी मिलने पर बिजली से बचने के लिए खुले खेतों, पेड़ों के नीचे, पहाड़ी इलाकों, चट्टानों के आसपास बिल्कुल न रुकें. धातुओं के बर्तन धोने से बचें और नहाने से तो बिल्कुल ही बचें. बारिश से बचें और जमीन पर जहां पानी जमा हो, वहां भी खड़े न रहें. छाते का कतई इस्तेमाल न करें. बिजली के हाइटेंशन तारों और टावर से दूर रहें. घर के अंदर चले जाएं. अगर कहीं बाहर हों और घर जाना संभव न हो तो खुली जगह पर ही कान बंद कर घुटनों के बल बैठ जाएं. खतरा टलने पर घर चले जाएं तथा घर के बाहर की परिस्थिति में किसी खोह या गड्ढे अथवा शैड में शरण लें। अचानक आने वाली बाढ़ से सावधान रहें। बिजली गिर जाने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए कॉल करें। बिजली गिरने की चपेट में आने वाले लोगों को सहायता देने का प्रयास करते समय कुछ विशेष बातों पर ध्यान देना जरूरी है जैसे कि साँस लेना अगर साँसें थम गई हैं, तो मुँह में फेंक मारकर घायल व्यक्ति को होश में लाने की कोशिश करें। दिल की धड़कन - अगर दिल की धड़कन थम गई है, तो सीपीआर दें। नब्ज- अगर पीड़ित की नब्ज चल रही है और वह साँस ले रहा है, तो उसके शरीर के दूसरे हिस्से में संभावित चोटों को देखें। जलने की जाँच करें, जहाँ से बिजली ने शरीर में प्रवेश किया और बाहर निकल गई। इसके अलावा तंत्रिका तंत्र को हुए नुकसान, हड्डियों के टूटने तथा सुनाई कम देने एवं आँखों की रोशनी कम होने के प्रति भी सतर्क रहें। उन्होने बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर अन्तर्गत किसी भी आपदा सम्बन्धी जानकारी/सूचना के लिये 24◦7 के आधार पर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/आपातकालीन परिचालन केन्द्र, द्वारा संचालित निम्न दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है आपातकालीन दूरभाष नम्बर -05944-250250, 250719, 250500, 250222। टोल फ्री नम्बर-1077।

# उत्तराखंड सरकार ने बढ़ाया पीआरडी जवानों का मानदेय

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने राज्य के पीआरडी जवानों का बड़ा तोहफा दिया है। पीआरडी जवानों का मानदेय प्रतिदिन 570 रुपए से बढ़कर 650 रुपए प्रतिदिन कर दिया है। जिसे लेकर शासनादेश जारी कर दिया है। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी कर दी गई है। जिसका शासनादेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। जानकारी देते हुए रेखा आर्य ने बताया कि पूर्व में पीआरडी स्वयंसेवको को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय दिया जाता था जो कि अब 80 रुपये की बढ़ोतरी करने पर 650 रुपये प्रतिदिन हो गई है। रेखा आर्य ने कहा कि



सीएम धामी राज्य कर्मचारियों के हित मे लगातार कई अहम फैसले ले रहे हैं। इस निर्णय से विभाग के लगभग 9400 पीआरडी जवानों को इस बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलेगा। हमारे स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने के साथ ही विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करते हैं। ऐसे में सरकार पीआरडी जवानों के हितों को सुरक्षित करने के लिए हर संभव कार्य कर रही है।

# राजनाथ सिंह, भूपेंद्र यादव व नड्डा से मिले धामी

## पर्यटन नगरी नैनीताल में पार्किंग सुविधाओं के विकास और जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भूमि हस्तांतरण की मांग







नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राज्य की समस्त जनता की ओर से पुनः रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई और शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से पर्यटन नगरी नैनीताल में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों /श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए नैनीताल स्थित रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि को राज्य सरकार को उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नैनीताल विश्व में पर्यटन ही नहीं अपितु धार्मिक/आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है। जनपद नैनीताल में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का आश्रम श्री कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोत्तरी हो रही है। कैंची धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालु नैनीताल अथवा नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्रों में ही रुकते हैं। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को यथा संभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उन्हें पुनः पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का दायित्व मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य गतिमान है। जिसके लिए वन विभाग की 87.0815 हे0 भूमि का हस्तान्तरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु जौलीग्रान्ट के आस-पास के क्षेत्रों की कुल 96.2182 हे० भूमि में से 87.0815 हे0 भूमि वन विभाग की भी अधिग्रहण की जानी है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में मा० उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार/वन विभाग के पक्ष में निर्णय पारित किया जा चुका है। मा न्यायालय के उक्त निर्णय के उपरान्त जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारण हेतु वन विभाग की उक्त 87.0815 हे० भूमि नागरिक विभाग को हस्तान्तरण करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि वर्तमान में जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट से काठमाण्डू (नेपाल) के लिए वायुयान सेवा संचालित किए जाने के लिए निविदा की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसके दृष्टिगत जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का दर्जा देने की कार्यवाही को गति देने की नितान्त आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि उत्तराखण्ड के विशिष्ठ भौगोलिक, सामरिक महत्व तथा पर्वतीय क्षेत्र में आम जनमानस को मूलभूत सुविधा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार के उपक्रमों द्वारा कराए जा रहे गैर वानिकी परियोजना हेतु पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध 'अधिसूचित अवनत वन भूमि' में क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराए जाने तथा इन सभी प्रयोजन के लिए गतिमान वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया जाए। इस दौरान ने मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री से जनपद रुद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ के अंतर्गत चोपता (तल्लानागपुर) में राजकीय पॉलीटेक्निक चोपता की स्थापना हेतु पूर्व में राजस्व ग्राम कुंडा दानकोट में चयनित 2 हेक्टेयर वन भूमि को हस्तांतरण करने का अनुरोध किया। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पानगड़िया से भेंट की। इस दौरान उनसे राज्य की आर्थिक स्थिति, आवश्यकताओं एवं प्रदेश के विकास से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## सीएम धामी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दी बधाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में नव मनोनीत लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से भेंट कर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरे कार्यकाल की बधाई व शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि श्री बिरला के अनुभव का लाभ सदन व सांसदों को मिलेगा एवं उनके कुशल नेतृत्व में सदन की कार्यवाही व्यवस्थित व सुगम रूप से संचालित होगी और हमारे देश का महान लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा से भेंट कर उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता का दायित्व मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के स्थानीय उत्पाद भी भेंट किए।





# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 31वीं वाहिनी के खिलाड़ी चमके

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस लाईन में आयोजित 23वीं अंतरजनपदीय पुलिस व वाहिनी की कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग और आर्म कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन बॉडी बिल्डिंग में 31वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर दबदबा बनाया। पहले दिन 55 किग्रा बॉडी बिल्डिंग पुरुष प्रतियोगिता में 31वीं वाहिनी के हेमंत सिंह अव्वल रहे। 60 किग्रा में पिथौरागढ़ के संजयसिंह, 65 किग्रा में पिथौरागढ़ के नरेंद्र सिंह रावत, 70 किग्रा में हरिद्वार के जितेंद्र कुमार ने बाजी मारी। वहीं 75 किग्रा में 31वीं वाहिनी के उमेद, 80 किग्रा में 31वीं वाहिनी के विजय तड़ागी, 85 किग्रा में हरिद्वार के तेजेंद्र सिंह, 90 किग्रा में 31वीं वाहिनी के राकेश कुमार और 100 किग्रा में देहरादून के नितिन कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि महिला वर्ग में 50 किग्रा में टिहरी गढ़वाल की शिल्पी, 53 किग्रा में हरिद्वार की पूजा, 55 किग्रा में टिहरी गढ़वाल की वंदना, 57 किग्रा में 31 वीं वाहिनी की सोनिया टम्टा, 59 किग्रा में 31 वीं वाहिनी की पुष्पा ध्यानी, 62 किग्रा में 31 वीं वाहिनी की पुष्पा आगरी, 65 किग्रा में 31 वीं वाहिनी की हंसी ध्यानी, 68 किग्रा में हरिद्वार की कविता, 72 किग्रा में हरिद्वार की रजनी तथा 76 किग्रा में हरिद्वार की भारती विजेता रही।आज ड्यूज दिन भी प्रतियोगिताएं खेली जा रही हैं। कल प्रातः खेल प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक कुमायूं क्षेत्र डा. योगेंद्र सिंह रावत होंगे।





# सिक्योरिटी गार्ड को चार माह का वेतन नहीं दे रही कम्पनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक सेक्योर सर्विस कम्पनी द्वारा सुरक्षा गार्ड को चार माह का वेतन नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। गणेश राम पुत्र ठगराम निवासी ग्राम जमोली, पोस्ट थल्ला मनराल, जिला अल्मोड़ा हाल निवासी दरिया नगर का कहना है कि वह एक गरीब परिवार का व्यक्ति है तथा मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। एक वर्ष पूर्व वह एक सेक्योर सर्विस कम्पनी में सिक्योरिटी की कार्य पर दस हजार रूपए मात्र की मासिक वेतन पर नियुक्त हुआ था। कम्पनी द्वारा उसे शुरूआत में माह दिसम्बर 2023 तक का वेतन समय पर दिया गया। उसके बाद जब कम्पनी द्वारा उसे वेतन नहीं दिया गया तो उसने अपने वेतन की मांग की। कम्पनी द्वारा उसको आश्वासन दिया गया कि माह मार्च 2024 में सभी वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन आज तक कम्पनी द्वारा वेतन नही दिया गया है। गणेश राम ने पुलिस से कम्पनी से बकाया चार माह का वेतन दिलाने का आग्रह किया है।



# एचएमटी फैक्ट्री के पास बाघ की मूवमेंट से लोगों में दहशत

हल्द्वानी। नैनीताल वन प्रभाग की मनोरा रेंज में एचएमटी फैक्ट्री के आसपास के जंगलों में बाघ देखें जाने के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। बाघ का चहलकदमी करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। एचएमटीफैक्ट्री के पास जंगलों में घूमने के दौरान लोगों ने ये वीडियो अपने फोन से बनाया है। बता दें एचएमटी फैक्ट्री के आस पास घने जंगल हैं। जहां बाघ को चहलकदमी करते पहले भी देखा जा चुका है। वायरल वीडियो चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पैदल आवाजाही के दौरान खतरा बना हुआ है। बाघ इससे पहले कई मवेशियों और लोगों को अपना निवाला बना चुका है। ग्रामीणों ने बाघ के चहलकदमी करने की सूचना वन विभाग को दे दी है। जिसके बाद वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

# दो लोगों के नेत्रों को रोशनी दे गए स्व. बलदेवराज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ नेता बलदेव राज चड्ढा अपनी मृत्यु के पश्चात भी दुनियां में दो नेत्रहीन लोगों के नेत्रों में रोशनी प्रदान कर अपनी अमिट पहचान छोड़ गए। व्यापारी नेता सचिन चड्ढा जी के पिताजी बलदेवराज चड्ढा का निधन हो गया। मृत्यु पूर्व उन्होंने अपने नेत्रदान करने का संकल्प लिया था। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके परिजनों ने उनका संकल्प पूरा करते हुए गुरमीत सिंह के माध्यम से नेत्रदान संयोजक संजय कुमार से संपर्क करके सीएल गुप्ता की टीम से नेत्रदान करवाया। उनकी शव यात्रा आज प्रातः उनके निज निवास पल्लवीका नर्सरी के साथ पीएससी नंबर गेट नंबर 3 के सामने आवास विकास से रामबाग शमशान घाट पहुंची।जहां स्व. बलदेवराज चड्ढा का अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत विकास परिषद ने भी बलदेव राज चड्ढा के निधन पर शोक व्यक्त करते है एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि उनको अपने चरणों में स्थान दें। परिषद ने परिवार को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद भी किया।



# अवैध कालोनियों पर प्राधिकरण ने चलाया पीला पंजा







किच्छा(उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण का अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिला विकास प्राधिकरण ने अवैध रूप से काटी गई कॉलोनियों के भवनों एवं बनाई गई सड़कों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया । विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से क्षेत्र में एवं अवैध कालोनियां काट रहे कॉलोनाइजरों में भी हड़कंप मच गया है।कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। वहीं जिन लोगों ने प्लाट खरीदें उन लोगों के आगे आशियानेवकी समस्या उत्पन हो गई हैं। नगर से सटे सिरौली कला एवम हरियाणा क्षेत्र में कॉलोनाइजरों द्वारा कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही हैं। जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने कुछ समय पूर्व ही क्षेत्र में सर्वेक्षण कर अवैध कॉलोनियों को चिह्नित कर कालोनाइजरों को नोटिस देते हुए अवैध कालोनियों को स्वयं



ध्वस्तीकरण के सख्त निर्देश दिए थे परन्तु बेखौफ कॉलोनाईजरो के सिर पर जूं तक नहीं रेंगी। बुधवार को जिला विकास प्राधिकरण की टीम अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल एवं जेसीबी मशीनों के साथ पुराने बरेली रोड , हरियाणा फार्म सिरौली कला के निकट विकसित की जा रही अवैध कालौनी स्थलों पर पहुंची। विकास प्राधिकरण टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई करनी शुरू कर दी। विकास प्राधिकरण की टीम ने अवैध विकसित की जा रही कालोनियों की सड़कों को भी जेसीबी मशीन से खोदकर ध्वस्त कर दिया। विकास प्राधिकरण की कार्यवाही से कॉलोनाईजरो समेत अवैध कॉलोनी में मकान बना रहे लोगों में भी हड़कंप मच गया। मकान बना रहे लोगों का जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से कहना था कि उनके द्वारा भूमि खरीद कर रजिस्ट्री कराई गई है तथा दाखिल खारिज भी कराया गया है कहना था कि कॉलोनाइजरों द्वारा उन्हें कॉलोनी आवासीय बढ़कर प्लाट बेच दिए गए थे किंतु उन लोगों को इतनी जानकारी नहीं थी कि भूमि की कॉलोनिया सरकार द्वारा प्रमाणित नहीं है।

## मानचित्र स्वीकृत होने पर ही कालोनियां काटने के निर्देश

किच्छा। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला ने कॉलोनाइजरों से विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत होने पर ही कालोनियां काटने एवं निर्माण करने के निर्देश दिए हैं।श्री रोहिला ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण द्वारा पूरे जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है तथा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। श्री रूहेला ने कहा है कि अनाधिकृत रूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई लगातार होती रहेगी। जिला विकास प्राधिकरण टीम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूर्व विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी को सूचना देकर उक्त क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद करने के साथ मौके पर पहुंचने का आग्रह किया था।जिस पर विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी विद्युत विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूर्व उक्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति भंग करा दी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रोहिल्ला के आग्रह पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार आदि के साथ मौके पर पहुंचे तथा काटी जा रही अवैध कालोनियों की भूमि का नक्शा एवं पत्रावलियां देखकर यह बताया गया कि जिस भूमि पर कालोनिया काटी जा रही हैं वह कृषि भूमि में दर्ज हैं।

# पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित

## जिलाधिकारी ने दिए विमान उड़ान में अवरोध पैदा कर रहे भवनों को चिन्हित करने व बॉउंड्री के भीतर जानवरों को जाने से रोकने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम कमेटी की बैठक जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संयोजक व निदेशक विमानपत्तन एयरपोर्ट पंतनगर मोनिका डेम्बला ने पंतनगर एयरपोर्ट के रनवे के दोनो ओर बाउंड्रीवॉल के बाहर दीवार से लगते हुये अनाधिकृत कालोनिया बसी है जो सुरक्षा एवं उड़ान में अवरोध पैदा कर रही है उन्हे हटाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवॉल फनल एरिया दीवार से लगे अथवा आस-पास ऊचे भवन व अतिक्रमण से विमान उड़ान में अवरोध पैदा कर रहे भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये। चिन्हिकरण हेतु एयरपोर्ट ऑर्थोटी, पंतनगर विश्वविद्यालय, राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम बनायी गयी जिसको एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निदेशक एवं संयोजक ने अवगत कराया कि विमानपत्तन के बॉउंड्री के बाहर कई ऐसे पेड़ है जो प्राकृतिक रूप से बड़े व टेड़े होकर बॉउंड के उपर आ गये है जो सुरक्षा के दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है इन पेड़ो के माध्यम से अवांछित तत्व विमानपत्तन की सुरक्षा को वाधित कर



सकते है इन वृक्षो को कटवाने का अनुरोध किया। जिसपर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने को निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि उनके द्वारा पेड़ों का निरीक्षण कर लिया गया है व पेड़ो को चिन्हित कर छपान व कटान हेतु वन निगम को पत्र भेज दिया गया है। उन्होने एप्रोच फनल के अन्दर वन्य जीवों से बचाव हेतु बड़े पेड़ो की लॉपिंग, सरकंडा व झाड़ी कटान में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। निदेशक ने एयरपोर्ट के उत्तरी तथा पश्चिमी के तरफ जंगली जानवरों की संख्या अत्यधिक बढ़ गयी है जिसमे नीलगाय, तेंदुए, बाघ, गिदड़ आदि विचरण करते हुये देखे गये है जिससे विमान सुरक्षा व्यवस्था को अत्यधिक खतरा रहता है साथ ही कार्मिकों को भी जान का खतरा बना रहता है। उन्होने जानवरों को हटाने हेतु पिंजरा लगाने एवं विमान क्षेत्र से जानवरो को बाहर करने के लिए हांका प्रक्रिया संपादित करने का आग्रह किया, जिसपर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि वे लेपर्ड, बाघ, नीलगाय, गिदड़ को पकड़ने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी साथ ही उन्होने विमानपत्तन की बॉउंड्री के भीतर जानवरों को रोकने हेतु सोलर फैसिंग लगाने का सुझाव भी दिया। निदेशक एयरपोर्ट पंतनगर ने बताया कि विमानपत्तन की सुरक्षा हेतु 75 कार्मिकों के सापेक्ष मात्र 26 सुरक्षा कर्मी है। उन्होने सुरक्षा कर्मी बढ़ाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष ने बैठक का हवाला देते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व महानिदेशक पुलिस को सुरक्षा कर्मी बढ़ाने हेतु पत्र जारी करने के साथ ही निदेशक को विमानपत्तन ऑथोर्टी को भी सुरक्षा के लिये पैरामीलिट्री फोर्स लगाने हेतु पत्र लिखने के निर्देश दिये। निदेशक ने विमानपत्तन क्षेत्र की सुरक्षा पेट्रोलिंग हेतु वाहन उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिसपर जिलाधिकारी ने पुलिस मुख्यालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। निदेशक ने बताया कि यात्री वाहनों को हाईवे पर ही रोक कर यात्रियों को एयरपोर्ट के अन्दर आना पड़ता है। उन्होने यात्री वाहनों को एयरपोर्ट पार्किंग तक आने की अनुमति देने का अनुरोध किया। जिसपर जिलाधिकारी ने जन सुविधाओं को देखते हुये कहा कि यात्री वाहनों को पार्किंग तक जाने दिया जाये ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करान पड़े इस हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, सहायक प्रबन्धक एयरपोर्ट तुलसी गर्ब्याल, डीसीआईओ आईवी चन्द्र प्रकाश नौटियाल, पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मोबाईल की आदत

आज के दौर में आधुनिकता का एक पैमाना यह भी प्रचारित किया गया है कि कोई व्यक्ति नई तकनीकी का कितना इस्तेमाल करता है। इस धारणा की जद में वे तमाम लोग हैं, जो जरूरत होने पर या फिर गैरजरूरी तरीके से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इस धारणा का आकर्षण बच्चों को भी अपने दायरे में ले चुका है और उनके कोमल मन-मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल में जब एक पंद्रह वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की वजह से स्कूल छोड़ने को कहा गया, तो उसके बाद किशोर के आत्महत्या कर लेने की खबर आई। सवाल उठता है कि आए दिन स्मार्टफोन की लत की वजह से बच्चों के भीतर अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होने की खबरें आने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने संवेदनशील तरीके से इस मसले का हल निकालना जरूरी क्यों नहीं समझा? स्कूल में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी अगर वह किशोर ऐसा कर रहा था तो यह उसकी मानसिक परिस्थितियों या लत का नतीजा हो सकता है। इस स्थिति में उसे हिदायत देने के क्रम में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था। सच यह है कि आज बच्चों और किशोरों के भीतर अगर स्मार्टफोन देखने को लेकर अतिरेक की हद तक व्यस्तता देखी जा रही है तो इसका कारण मनोविज्ञान ही है। सिमटे परिवार और कामकाजी व्यस्तता के दौर में बच्चों के साथ घुलने-मिलने और खेलने के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है और बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देकर अभिभावक सोचते हैं कि उनका बच्चा आधुनिक और अद्यतन हो रहा है। मगर उसे जरूरत या फिर गैरजरूरी होने पर भी लगातार देखते रहने पर बच्चे का कोमल मन-मस्तिष्क एक तरह के सम्मोहन का शिकार हो जाता है और उसी से उसकी मानसिक परिस्थितियां संचालित होने लगती हैं। वह मोबाइल के स्क्रीन के प्रभाव में इस हद तक आ जाता है कि उसे छोड़ने पर उसका विवेक काम करना बंद कर सकता है और ऐसी स्थिति में कई बार वह खुद को नुकसान पहुंचा लेता है। इसलिए अगर कोई बच्चा इस परेशानी का शिकार हो तो उसके प्रति सख्ती के बजाय संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक तौर-तरीकों का सहारा लेना चाहिए।

# उत्तराखंड की जेलों में क्षमता से तिगुने तक कैदी बंद

## कुल कैदियों में केवल 37 प्रतिशत ही है सजायाफता कैदी

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैसे शान्त माने जाने वाले राज्य में भी उत्तराखंड की जेलों में उनकी क्षमता से तिगुने तक कैदी बंद हैं। केवल 2 जेलों को छोड़कर सभी 9 जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इसमें भी 37 प्रतिशत ही सजायाफ्ता तथा 63 प्रतिशत विचाराधीन कैदी बंद हैं। यह खुलासा अधिकार के अन्तर्गत कारागार मुख्यालय द्वारा नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने महानिरीक्षक कारागार (कारागार मुख्यालय) से उत्तराखंड में राज्य की जेलों में बंदियों की क्षमता तथा वर्तमान में बंद कैदियों की संख्या के सम्बन्ध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में मुख्यालय कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग, उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी मनोज खोलिया ने अपने पत्रांक 1044 दिनांक 25 मई 2024 से जेलों की क्षमता तथा कुल विचाराधीन तथा सिद्ध दोष बंदियो की संख्या का विवरण उपलब्ध कराया है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रदेश में सम्पूर्णानन्द शिविर जेल सितारगंज (खुली जेल) तथा जिला कारागार चमोली के अतिरिक्त सभी जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार क्षमता से तिगुने से अधिक कैदी 102 क्षमता वाली अल्मोड़ा जिला जेल में बंद हैं। इसमें क्षमता से 317 प्रतिषत 323 कैदी बंद हैं। जिसमें केवल 43 प्रतिशत 140 ही सिद्धदोष (सजायाफ्ता) कैदी है तथा 183 विचाराधीन कैदी है।, दूसरे स्थान पर पर 635 कैदियों की क्षमता वाली



उपकारागार हल्द्वानी में क्षमता से 228 प्रतिशत 1450 कैदी है जिसमें 10 प्रतिशत 140 ही सिद्धदोष कैदी है तथा 1310 विचाराधीन कैदी है। तीसरे स्थान पर 580 कैदियों की क्षमता वाली जिला कारागार देहरादून में क्षमता के 220 प्रतिशत 1276 कैदी है जिसमें 29 प्रतिशत 369 ही सिद्धदोष है तथा 907 विचाराधीन कैदी हैं। चौथे स्थान पर 71 क्षमता वाली जिला कारागार नैनीताल में क्षमता के 179 प्रतिशत 127 कैदी बंद हैं जिसमें केवल 8 प्रतिशत 10 कैदी ही सिद्धदोष तथा 117 विचाराधीन कैदी है। पांचवें स्थान पर 244 क्षमता वाली उपकारागार रूड़की में क्षमता के 160 प्रतिशत 391 कैदी बंद हैं जिसमें केवल 7 प्रतिशत 28 ही सिद्धदोष है तथा 363 विचाराधीन कैदी है। छठे स्थान पर 552 क्षमता वाली केन्द्रीय कारागार सितारगंज में क्षमता के 146 प्रतिशत 807 कैदी बंद हैं जिसमें 96 प्रतिशत 778 सिद्धदोष है तथा 29 ही विचाराधीन हैं। सातवें स्थान पर 888 क्षमता वाली जिला कारागार हरिद्वार में 114 प्रतिशत 1250 कैदी बंद है जिसमें 45 प्रतिशत 566 सिद्धदोष तथा 684 विचाराधीन हैं। आठवें स्थान पर 150 क्षमता वाली जिला कारागार टिहरी में क्षमता के 125 प्रतिशत 187 कैदी बंद हैं जिसमें 43 प्रतिशत 106 सिद्धदोष तथा 81 विचाराधीन हैं। नवें स्थान पर 150 क्षमता वाली जिला कारागार पौड़ी में 111 प्रतिशत 167 कैदी बंद है जिसमें 41 प्रतिशत 69 कैदी सिद्धदोष तथा 98 विचाराधीन है। दसवें स्थान पर 169 कैदियों की क्षमता वाली जिला कारागार चमोली में ही क्षमता से कम 73 प्रतिशत 124 कैदी बंद है। इसमें 33 प्रतिशत 41 सिद्धदोष तथा 83 विचाराधीन कैदी है। ग्यारहवें स्थान पर सम्पूर्णानन्द शिविर सितारगंज (खुली जेल) की 300 कैदियों की क्षमता है जबकि उसकी क्षमता के केवल 16 प्रतिशत 48 सिद्धदोष कैदी ही बंद है। सम्पूर्ण उत्तराखंड में सूचना उपलब्ध कराने की तिथि को जेलों में कुल 6150 कैदी बंद थे। जबकि 300 कैदियों वाली खुली जेल सहित सभी जेलों की क्षमता 3841 कैदियों की हैं जबकि कुल क्षमता के 160 प्रतिशत 6150 कैदी बंद थे। बंद कुल कैदियों में 37 प्रतिशत कैदी ही सजायाफ्ता (सिद्धदोष) कैदी है जिनकी संख्या 2270 है तथा 63 प्रतिशत 3880 कैदी विचाराधीन कैदी है।

# गोपेश्वर में यूपी पुलिस के डीएसपी का काटा चालान

गोपेश्वर। चमोली-केदारनाथ हाईवे पर गोपेश्वर के जीरो बैंड के पास चेकिंग के दौरान लखनऊ में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के एक डीएसपी बिना नंबर प्लेट और लाल-नीली बत्ती लगाकर निजी



कार से सफर करते मिले। पुलिस ने उन्हें रोककर कारण पूछा तो वह थानाध्यक्ष पर ही रौब झाड़ने लगे और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए धौंस जमाने लगे। इस पर थानाध्यक्ष गोपेश्वर ने उनकी एक न सुनी और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर उनका एमवी एक्ट में एक हजार रुपये का चालान कर दिया। साथ ही कार पर लगी बत्ती व शीशों पर चढ़ी काली फिल्म उतारकर भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। गाड़ी पर लगी थी नीली बत्ती मामला चमोली जिले के गोपेश्वर नगर क्षेत्र का है। गोपेश्वर थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग 107 पर जीरो बैंड तिराहे के पास केदारनाथ से बदरीनाथ की तरफ जा रहे यात्री वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इतने में उन्हें लाल नीली बत्ती लगी बिना नंबर प्लेट की एक मारुति आर्टिगा कार तेज रफ्तार से जीरो बैंड से चोपता की ओर जाती दिखी। एसओ ने कार को रुकवाया और चालक से बिना नंबर प्लेट की गाड़ी पर लाल-नीली बत्ती लगाने का कारण पूछा। इतने में कार से उतरकर एक व्यक्ति ने एसओ को अपना परिचय यूपी के डिप्टी एसपी (डीएसपी) के तौर पर दिया और एसओ से अभद्रता शुरू कर दी। साथ ही डीएसपी बताने वाला व्यक्ति एसओ को उनके उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगा। पुलिस ने उससे आइकार्ड मांगा तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। मौके पर डीएसपी का तमाशा देख लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। इसके बाद थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने गाड़ी पर काली फिल्म लगी होने पर गाड़ी का चालान करने के साथ ही गाड़ी से नीली बत्ती भी उतार कर भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी।

# गैंगरेप में भाजपा नेता का नाम सामने आने पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

देहरादून(उद संवाददाता)। हरिद्वार में किशोरी के साथ गैंगरेप के बाद हत्या मामले में भाजपा नेता व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्यराज सैनी का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए धामी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। उत्तराखंड जो देवभूमि के नाम से जाना जाता था। वहां अब आए दिन महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। दसौनी ने कहा कि हरिद्वार में किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। गरिमा ने कहा कि पूरे हत्याकांड को अंजाम सत्ता रूढ़ भाजपा के प्रधान पति अमित सैनी और ओबीसी आयोग के सदस्य आदित्य राज सैनी के द्वारा दिया गया। इसके अलावा दून में ही 15 वर्षीय नाबालिग का मुंह बोले मामा के द्वारा दुष्कर्म का मामला हो या पटेल नगर में छह माह की बच्ची और उसकी मां का क्षत-विक्षत शव जो कि दो-तीन दिन पुराना पाया गया है । गरिमा दसौनी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। अपराधियों के अंदर से पुलिस प्रशासन का डर नहीं है। दसौनी ने धामी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा की धाकड़ धामी को आत्ममुग्धता से बाहर आना चाहिए और प्रदेश में क्या चल रहा है इसका संज्ञान लेना चाहिए।







# जलसंस्थान को सभी पम्पिंग योजनाओं को दुरुस्त रखते हुए सुचारू संचालन करने के दिए निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने बुधवार को पेयजल से संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा अधिकारी पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पेयजल आम जनता से जुड़ा विषय है,जिसका निस्तारण तत्काल किया जाए।नगर के स्थानीय होटल में आयोजित बैठक के दौरान उपाध्यक्ष आर्या ने अधिकारियों से पेयजल से संबंधी योजनाओं व जनसमस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन को पेयजल की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने जनपद में निर्माणाधीन पेयजल पंपिंग योजनाओं के बारे में भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता,पारदर्शिता व निर्धारित समय के तहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन योजनाओं में वन भूमि से संबंधित प्रकरण आ रहे है,



विभागीय अधिकारी स्वयं दिलचस्पी लेकर आपसी समन्वय के साथ प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है, लिहाजा अधिकारी ध्यान रखें कि योजना के तहत कोई भी परिवार पेयजल कनेक्शन से वंचित न रहे। पेयजल से जुड़े अधिकारी योजनाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए स्थलीय निरीक्षण करें। उपाध्यक्ष आर्या ने नगर क्षेत्र में जल संकट को दूर करते हुए मण्डल सेरा में निर्माणाधीन पम्पिंग योजना को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। तथा नगर के नदीगांव,तहसील क्षेत्र के साथ ही मेलाडूंगरी,धुरापाट में भी पानी की आपूर्ति बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने जलनिगम और जलसंस्थान के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए नोडल अधिकारी द्वारा सभी स्थानों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए वितरण के लिए जलसंस्थान को उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि पेयजल से कोई भी परिवार वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।बैठक में जिला उपाध्यक्ष भाजपा मथुरा प्रसाद, मदन राम, आगरी, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गौरव दास, ईई जल संस्थान सीएस देवडी, जल निगम वीके रवि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हाथी की मौत के मामले में ऊर्जा निगम पर मुकदमा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। जयनगर नंबर तीन गांव में सोमवार रात बिजली की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर हाथीकी मैत के मामले में वन विभाग ने ऊर्जा निगम के खिलाफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच एसडीओ वन को सौंपी गई है। इधर ऊर्जा निगम ने मंगलवार देर शाम घटनास्थल पर पहुंचकर झूलती तार को ऊचा कर दिया। जयनगर नंबर तीन गांव में टांडा रेंज जंगल से मकना प्रजाति का एक नर हाथी जंगल सीमा से



लगी सोलर फेंसिंग को तोड़कर राजेन्द्र ओझा के खेत में पहुंचा था। वहां .झुलती 11 हजार वोल्ड की हाईटेंशन लाइन से हाथी की पीठ छु गई थी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पता चलने पर मंगलवार सुबह वन विभाग के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। हाथी के शव को पोसटमार्टम के लिए भिजवाया था। इस दौरान डीएफओं यु सी तिवारी ने जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्यवाही की बात की थी। डीएफओ ने बुधवार को बताया कि मौके पर बिजली की तार काफी निचे झुलती पाई गयी। करंट से हाथी की मौत हुई है। मामले में ऊर्जा निगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़क का टेंडर पास होने पर किया मिष्ठान वितरण

गदरपुर। नगर पालिका के आवास विकास क्षेत्र की प्रमुख समस्या गदरपुर की मिनी बायपास की सड़क का टेंडर होने की खुशी में आज वार्ड नंबर 6 में वार्ड वासियों द्वारा उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी,नैनीताल उधम सिंह नगर क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट जी और काशीपुर जिले के तेज तर्रार जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा जी का आभार प्रकट कर मिष्ठान वितरण किया गया। वार्ड वासियों का कहना था कि कई वर्ष से गूलरभोज रोड से लेकर आवास विकास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 74 राजकीय इंटर कॉलेज के सामने तक पहुंचने वाली मिनी बायपास सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी , जिसकी मरम्मत एवं



नवीनीकरण के लिए आवास विकास क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कई बार मांग की जा चुकी थी। वर्तमान में यह मांग पूरी होने पर हर्ष की लहर दौड़ गई है वार्ड वासियों ने नवीनीकरण की जाने वाली सड़क के दोनों और किए गए अतिक्रमण को हटाने और वृक्षारोपण किये जाने की मांग की है वही उनका कहना है कि जो पौधे एवं वृक्ष पूर्व में लगे हैं उनकी समुचित देखभाल न होने से वह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं इसके संबंध में वार्ड वासियों को ही प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना तथा सभासद मिंटू गुंबर ,परमजीत पम्मा का माल्यार्पण स्वागत कर धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# बिजली के पोल से करंट की चपेट में आकर सांड़ की मौत

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। मानपुर रोड पर प्रेक्षागृह के गेट पर लगे खंबे पर आ रहे करेंट की चपेट में आकर एक सांड की दर्दनाक मौत हो गई। विद्युत विभाग को सूचना मिलने पर कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मानपुर रोड स्थित प्रेक्षागृह के गेट पर बिजली का खंबा लगा है। बारिश की वजह से खंबे में करंट आ रहा था। इसी बीच खंबे के आसपास पड़े कूड़े में अपने लिए भोजन की तलाश करते हुए सांड वहां पहुंचा। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां खंबे के आसपास बिखरे



कूड़े की वजह से आवारा घूम रहे पशु विचरते रहते हैं। यह सांड भी अक्सर वहां देखा जाता है। लेकिन आज खाने की तलाश ने एक निरीह जानवर को मौत के मुंह में धकेल दिया है। लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट के इस खंबे की लाइट काफी दिनों से खघ्राब है। लेकिन आज हो रही बारिश के चलते खंबे में करेंट दौड़ रहा था। जैसे ही सांड ने खंबे को छुआ पलक झपकते ही उसने दम तोड़ दिया।

# महिला के विवाद में पड़ोसियों ने घर में घुसकर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला को लेकर हुए विवाद में ग्राम फोजी मटकोटा में पड़ोसियों ने घर में घुसकर परिजनों पर हमला कर दिया। जिससे



कई लोगों को चोटें आ गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। ग्राम निवासी ज्योति का आरोप है कि ग्राम में रहने वाली एक शादी शुदा औरत उसके पति के पीछे पड़ी रहती है और उसका घर बर्बाद करना चाहती है। कई बार मना किया गया पर वो नहीं मानी। उसके पति से भी शिकायत की उसने भी कुछ नहीं कहा। पति उस औरत से बात करना नहीं चाहते कई बार मना कर चुके है। उसके बावाजूद भी वो नही मानती है। गत रात्रि उस औरत के परिवार के लोगो ने एक राय होकर उसके घर में घुसकर बुरी तरह मारपीट की। भाई के सिर पर लोहे की राड मारकर सिर फाड दिया। उसको अधमरा छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा भी पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है।

# आरोपियों को भेजा जेल,स्वजन के सुपुर्द की गईं नाबालिग छात्राएं

हल्द्वानी। बनभूलपुरा से अपहृत दो छात्राओं के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। नाबालिग छात्राओं के अपहरणकर्ताओं के तार मानव तस्करी से जुड़ रहे हैं। आशंका है कि छात्राओं को बदायूं के बाद मुजफ्फनगर होते हुए मुंबई में मानव तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग आरोपित के मामा, दीदी–जीजा समेत चार आरोपितों पर मानव तस्करी व पाक्सो अधिनियम की धारा भी बढ़ा दी है। पुलिस पूछताछ में पूरे मामले का मास्टरमाइंड नाबालिग आरोपित का मामा बनभूलपुरा लाइन नंबर 17 निवासी अब्दुल समी उर्फ भोला निकला। उसी ने भांजे का उकसाया था, क्योंकि वह खुद हिंदू युवती से शादी कर चुका है। पूरे मामले में बनभूलपुरा से लेकर बदायूं, मुजफ्फनगर व मुंबई तक का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। जैसे–जैसे तथ्य सामने आएंगे। आरोपितों पर कानूनी शिकंजा कसता जाएगा।बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मंगलवार देर शाम नाबालिग से पूछताछ के बाद उन्हें बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया, जहां से दोनों पीड़ित नाबालिग छात्राओं को स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, नाबालिग आरोपित को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। इसके अलावा चार अन्य आरोपितों को बुधवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद चारों को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि 20 जून को बनभूलपुरा से दो नाबालिग छात्राएं रहस्यमय परिस्थिति में लापता हो गई थीं। दूसरे समुदाय का नाबालिग उन्हें भगाकर ले गया था। नाबालिग छात्राओं के अपहरणकर्ताओं के तार मानव तस्करी से जुड़ रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने सौंपा रेल अधीक्षक को ज्ञापन

काशीपुर। महानगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े पदाधिकारीयों ने रेल अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंप कर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की असुविधा को देखते हुए संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रानीखेत एक्सप्रेस में जनरल कोच एवं स्लीपर कोच बढ़ाने की मांग की तथा रामनगर से देहरादून नई ट्रेन एवं रामनगर से दिल्ली के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग की।एआईसीसी सदस्य एवं महासचिव उत्तराखंड कांग्रेस अनुपम शर्मा ने कहा हमारी मांगों को अगर जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अरुण चौहान, महेंद्र लोहिया, मंसूर अली मंसूरी, राशिद फारुकी, इंदर सिंह शेट्टी, अफसर अली, पार्षद नजमी, शाह आलम, अनीस अंसारी, इरशाद चौधरी, हनीफ गुड्डू आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**संविधान पर सीधा हमला......**प्रतिशत का योगदान दे रही है। सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों मैक्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और एग्रीकल्चर को बराबर महत्व दे रही है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का भी मुद्दा उठाया। राष्ट्रपति ने आपातकाल के उस दंश का जिक्र किया, जिसे 1975 में पूरे देश ने झेला। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज 27 जून है। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था। उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल करके दिखाई। क्यों कि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही पीएम मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया। राष्ट्रपति ने जब आपातकाल पर बोला तो संसद में हंगामा मच गया। हर तरफ विपक्ष के हंगामे की आवाज गूंजने लगी।सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने अभिभाषण में सम्मिलित किया। वहीं, राष्ट्रपति ने अपने भाषण के दौरान पेपर लीक को लेकर सरकार द्वारा लाए गए कानून का भी जिक्र किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हो इसके लिए सरकार सख्त उपाय कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर पिछले दिनों कानून भी आ चुका है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आगे कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। राष्ट्रपति के इतना कहने पर विपक्ष एक बार फिर सदन के अंदर शोर मचाना शुरू कर दिया। बजट का जिक्र करते हुए स्पीच के दौरान राष्ट्रपति बोलीं, ष्आने वाले सत्र में सरकार इस कार्यकाल में पहला बजट लेकर आएगी। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का प्रभावशाली दस्तावेज होगा। बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे।ष उन्होंने यह भी दावा किया कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है। किसानों को लेकर राष्ट्रपति ने कहा, श्पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए दिए। नए साल के कार्यकाल के शुरुआत में ही किसानों को 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। खरीफ फसलों के एमएसपी पर रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है। ऑर्गेनिक उत्पादों की डिमांड को देखते हुए सप्लाई चेन को सशक्त किया जा रहा है। आजकल दुनिया में जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। देश के किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है, इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की सप्लाई चेन को सशक्त कर रही है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, श्आने वाला समय ग्रीन एरा यानि हरित युग का है। सरकार इसके लिए भी हर जरूरी कदम उठा रही है। हम हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे ग्रीन जॉब भी बढ़े हैं। सरकार ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मोबिलिटी पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रही है। प्रदूषण और साफ सुधरे शहरों पर पिछले 10 साल से काम किया जा रहा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति ने हवाई यात्रा पर बोलते हुए कहा कि अप्रैल 2014 में भारत में 209 एयरलाइन रूट्स थे। अप्रैल 2024 में ये बढ़कर 605 हो हए हैं। टियर टू और टियर थ्री शहरों को फायदा हो रहा है। वहीं नेशनल हाइवे को लेकर राष्ट्रपति ने कहा नेशनल हाइवे दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहे हैं। उत्तर पूर्वी दक्षिणी भारत के बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी पर काम किया जा रहा है।

**उपभोक्ताओं पर बिजली गिराने......**बढ़वाने के लिए भी हाथ पैर मारने होंगे ,क्योंकि ऊर्जा निगम द्वारा तय किए गए नए लोड फॉरमैट के अनुसार अब एक से दो किलोवाट तक कनेक्शन धारी केवल लाइट, पंखे, फ्रिज, टीवी आदि का ही उपभोग कर सकेगा। जाहिर है कि अगर उपभोक्ता अन्य विद्युत उपकरणों का उपभोग करना चाहता है तो उसे तीन से चार किलो वाट लोड विद्युत कनेक्शन की जरूरत होगी क्योंकि नए लोड फॉर्मेट के अनुसार अब तीन से चार किलोवाट का कनेक्शन धारी ही लाइट, पंखे, फ्रिज, टीवी के साथ वॉशिंग मशीन, गीजर, एसी और मिक्सर का उपभोग कर सकेगा। इसी तरह पांच से आठ किलोवाट भार वाला कनेक्शन धारी अपने विद्युत कनेक्शन से लाइट, पंखे, फ्रिज, मिक्सर, टीवी, एक वॉशिंग मशीन, दो गीजर, दो एसी, एक इंडक्शन कुक टॉप, माइक्रोवेव तथाआठ से दस किलोवाट भार वाला कनेक्शन धारी लाइट, पंखे, फ्रिज, मिक्सर, टीवी, एक वॉशिंग मशीन, तीन गीजर, तीन एसी, एक इंडक्शन कुक टॉप, माइक्रोवेव आदि उपकरणों का उपभोग कर सकेगा।

**विरोध के चलते गांधी पार्क.......**अरोरा से मिलने वालों में मुख्य रूप से व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, राजेश कामरा, आशु ग्रोवर, सुरेन्द्र तनेजा, परवेज खान, सुरेश शर्मा, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, विनोद ठुकराल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**दुखदः दादी ..**अधिकारियों को परिजन को मुआवजा संबंधी कार्रवाई के निर्देश दिया। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा पिंजरा को लगाये जाने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही आसपास गस्त भी की जाएगी। बहरहाल तेंदुए द्वारा मासूम को अपना शिकार बनाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338